

श्रीनिवास रंगा चरियार

अकादेमी पुरस्कार : अरयेर सेवई (तमिलनाडु)

तमिलनाडु के श्रीविल्लीपुटटुर में 1930 में जन्मे, श्री वी. श्रीनिवास रंगा चरियार स्वामीगल ने अपने पिता श्रीवद पथिरा सेवी अयंगर स्वामीगल से अरैयर सेवई की भक्तिमय कला में प्रशिक्षण प्राप्त किया है, जिसका प्रदर्शन तमिलनाडु के मंदिरों में अनुष्ठान के रूप में किया जाता है। आपका प्रशिक्षण बचपन से लेकर 1950 के दशक के प्रारंभिक वर्षों में तब तक जारी रहा जब तक आपने अपने पिता से श्रीविलीपुट्टर के श्री अंदल मंदिर की सेवा का पदभार ग्रहण नहीं कर लिया था।

एक अरयेर सेवई कलाकार के रूप में प्रसिद्ध, श्री रंगा चरियार ने सात दशक से भी अधिक समय तक श्री अंदल मंदिर की सेवा की। आपको देश भर के मंदिरों में दिव्य देशम अनुष्ठानों में अरैयर सेवई का प्रदर्शन करने के लिए भी आमंत्रित किया जाता था. इस पारंपरिक कला के अपने समर्पित अभ्यास के माध्यम से आपने बदलते समय के साथ–साथ इस कला का संरक्षण किया और उसे बहुत आगे तक ले गए। आपने तमिलनाडु के विभिन्न भागों में अरयेर सेवई और अन्य मंदिर कलाओं पर हुए सम्मेलनों में अपना बहुत योगदान दिया है।

अरयेर सेवई में अपने योगदान के लिए, श्री वी. श्रीनिवास रंगा चरियार को बहुत से पारंपरिक संस्थानों की ओर से सम्मानित किया गया है. इन सम्मानों में श्रीमन नारायण जीर स्वामीगल की ओर से भगवद विषय विद्वान की उपाधि (1978), किंजिथकारम ट्रस्ट, चेन्नई द्वारा दी गई कैंगर्या श्रीमन की उपाधि (2009), स्वामी नम्माज़्वर दिव्य प्रबंध अकादमी, चेन्नई द्वारा सम्मानित वैष्णव सिंहम की उपाधि (2013) शामिल है।

श्री वी. श्रीनिवास रंगा चरियार को अरयेर सेवई की कला में उनके योगदान के लिए 2013 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार के लिए चुना गया था. हमें खेद है कि आज वह हमारे बीच नहीं रहे, 27 मार्च 2014 को उनका निधन हो गया था. यह पुरस्कार उन्हें मरणोपरांत प्रदान किया जाता है।